16.20 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377—*Contd.*

(v) Need to send a team of doctors for proper treatment and care of the injured in Assam.

SHRI JAMILUR RAHMAN (Kishanganj): I am pained to mention that there has been large scale massacre in Assam, without any rhyme or reason. For the present, I do not want to go into the merits of the massacre, but it is a hard fact tht there has been large-scale massacre. What is pinching me most is that the injured persons, who have been admitted to the hospitals, are not being given medical facilities and treatment only on the ground that they belong to a particular community and also on the ground of language and religion. It is most heartrending that the patients are being looked after and treated on the basis of language and religion. Furthermore, I may mention with a full sense of responsibility that the injured persons are administered such medicines which are hazardous to the life of the patents and which will end the life of the patients.

So, I feel strongly that a host of Central team of doctors should be sent immediately for proper care of the injured persons in Assam. I also urge that the Assam Police be disarmed and the BSF and Central Reserve Police and sent in large number so that peace may prevail and all people may live in security and safety.

16.21 hrs.

MEMBER SWORN

SHRI BAJUBON R. KHARLUKHI (Shillong-Meghalaya).

MR. DEPUTY-SPEAKER: We will now take up Private Members' Business-

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

Fifty-fourth Report

SHRI CHANDRADEO PRASAD VERMA (Arrah): I beg to move:

"That this House do agree with the Fifty-fourth Report of the Committee on Private Members' Bills and Reolutions presented to the House on the 2nd March, 1983."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do agree with the Fifty-fourth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 2nd March, 1983."

The motion was adopted.

16.23 hrs.

RESOLUTION RE: STEPS FOR SPEEDY IMPLEMENTATION OF SOCIO-ECONOMIC PROGRAMME—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now resume discussion on the following Resolution moved by Shri K. Lakkappa on 13th August, 1982 on Speedy Implementation of Socio-Economic Programme:

"Keeping in view the vital need for speedy implementation of the socio-economic programme of the Government, this House recommends the setting up of a monitoring body under the Govrenment to constantly watch the progress of the different developmental activities at all levels, locate the factors hampering the progress and suggest immediate and remedial measures to expedite their implementation.."

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, श्री लकप्पा ने जो संकल्प यहां पेश

किया है, मैं अपने अनुभव के आधार पर इसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। इन्होंने इस बात का अनुरोध किया है कि सरकार जो आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रम निर्धारित करती है, उन्हें अमल में लाया जाता है या नहीं, इसी बात को देखने के लिए कोई मानिटरिंग बाडी, समिति, निकाय या संगठन होना चाहिये। यह इन्होंने बहुत ही मुनासिब बात कही है।

हम सभी अपने अनुभव से जानते हैं कि सरकार बहुत तरह की योजनाएं चालू करती है और उस पर करोड़ों रुपया खर्च करती है, लेकिन उसका रिटर्न या फायदा जितना होना चाहिये, वह नहीं हो पाता है। बहुत सारे रुपयों का दुरुपयोग हो जाता है और उसको पकड़ में लाने के लिये कोई व्यवस्था नहीं रहती है। सरकारी अधिकारी जो चाहते हैं, करते हैं, मंत्री लोग भी उसको ठीक ढंग से नहीं पकड़ पाते। अगर वह पकड़ना भी चाहें तो तरह-तरह की कठिनाइयां उन योजनाओं की क्रियान्विति में होती हैं। कभी-कभी ऐसा होता है कि योजना पूरी नहीं होती है और बहुत सारा पैसा वापिस चला जाता है।

अभी कुछ दिन पहले हमने अखबारों में पढ़ा था कि एन आर ई पी योजना का 47 करोड़ रुपया बिहार सरकार ने सेन्टर को वापिस कर दिया और वहां बिना काम के लोग इधर-उधर मारे-मारे फिर रहे हैं। इसी तरह की बात दूसरे कामों में भी होती है। बीस सूत्री कार्यक्रम में अभी दस हजार करोड़ रुपया फिर नये बजट के जरिए उस कार्यक्रम को पूरा करने के लिए आवंटित करने की बात कही गई है। मैं अपने जिले में, बीस-सूत्री कार्यक्रम चलाने के लिए जो कमेटी है, उसका सदस्य हूं और मैं कोशिश करता हूं कि उस बैठक में जाकर हिस्सा लूं लेकिन कभी-कभी नहीं भी जा पाता हूं। हर जिले में उस कमेटी का अध्यक्ष को कैबिनेट या दूसरा मिनिस्टर बनाया गया है लेकिन अनुभव यह बताता है कि जब भी मीटिंग होती है उसमें एक ही बात दोहराई जाती है कि लैण्ड रिफार्म हुआ और यह नहीं हुआ। जिलों में बहुत सारे ट्यूबवैल्स गाड़े गए हैं। और भी बहुत सारी बातें हैं जो डिस्कस होती हैं। लेकिन मैं आपको पटना जिले की बात बताऊं कि तीन-चार मीटिंग्स से यही बताया जाता है कि 400 ट्यूबवैल खराब हैं। कुल 600 ट्यूबवैल गाड़े गए हैं जिनमें 200 काम करते हैं और 400 बेकार पड़े हैं। हर मीटिंग में उनको ठीक करने की मांग की जाती है। किसी में तो बिजली का कनेक्शन नहीं है, किसी में चैनल नहीं है, कहने का मतलब यह है कि 400 काम में नहीं आते हैं। इस साल बिहार में जबर्दस्त सुखाड़ पड़ा जिसके बारे में वक्तन-फवक्तन इस सदन में भी चर्चा की जा चुकी है और आगे भी हो सकती है। एक ओर तो सुखाड़ है और दूसरी ओर 400 ट्यूबवैल काम नहीं करते हैं। उनको

16.28 hrs.

[Shri Chintamani Panigrahi in the chair]

देख-भाल के लिए अधिकारी जरूर हैं लेकिन उनको भी चिन्ता नहीं रहती। वजह जो भी हो, वे देखते नहीं हैं। इस तरह से आप जो जनता का इतना पैसा विकास कार्यों के लिए देते हैं उससे वह कार्य हो नहीं पाता है। अतः इस तरह की कोई कमेटी बनायें जो इन बातों को देखे। यह कमेटी आप सारे देश के स्तर पर बना सकते हैं--मानिटरिंग कमेटी--राज्यों के स्तर पर बना सकते हैं, जिलों के स्तर पर बना सकते हैं, जहां भी आप मुनासिब समझें बनाकर देखें कि सच-मुच में काम होता है या नहीं। अफसरान के अलावा भी आप कोई दूसरा अंकुश रखिए। मैं समझता हूं लकप्पा साहब के दिमाग में यह नहीं होगा कि मानिटरिंग कमेटी में केवल अधिकारियों और मंत्रियों को ही रखा जाए। मैं समझता हूं सभी दलों के प्रतिनिधियों को उसमें रखा जाना चाहिए। अभी बीस-सूत्री कार्यक्रम से संबंधित कमेटी में तमाम पार्टीज के लोगों को नहीं रखा गया है। मैंने एक मीटिंग में यह सवाल उठाया था कि सारे कांग्रेसी ही क्यों हैं? मुझे तो एम पी की हैसियत से रखा गया है लेकिन वहां कांग्रेस (एस) के एम एल ए हैं, रामलखन सिंह यादव को नहीं रखा गया है। लोकदल के किसी मेम्बर को भी नहीं रखा गया है, उसके भी एम एल ए मौजूद हैं। ज्यादातर कांग्रेसी लोगों को ही एम पी और एम एल ए के नाम पर भर दिया गया है, एकाध पार्टी को ही जगह दी है। 20 सूत्री कार्यक्रम में बहुत सारे मुद्दे ऐसे हैं, जिनको ईमानदारी के साथ में लाने की कोशिश की जाती, तो कुछ काम किया

[श्री रामावतार शास्त्री]

जा सकता है । व्यान्वित किया जा सकता है । विकास कार्यों में प्रगति लाई जा सकती है और गरीबों की मदद की जा सकती है । उसमें बहुत सारे मुद्दे हैं, जिनमें हम जाना नहीं चाहते हैं । भूमिसुधार के सिलसिले में, बिजली के सिलसिले में, झुग्गी-झोंपड़ी के सिलसिले में, लेकिन अभी आप क्या करते हैं जिसको चाहते हैं, उसको उजाड़ देते हैं । पटना के बारे में मैं आपको बता सकता हूं । वहां पर बड़े पैमाने पर उजाड़ा जा रहा है । अगर विरोध करते हैं, तो हरिजनों की हत्यायें हो जाती हैं । अभी एक सीताराम पासवान की हत्या कर दी गई। मारते-मारते पुलिस लार्कअप में ले गई । इतना मारा कि वह मर गया । उसके पिता को कह दिया कि यह डकैत था । मैं यह कहना चाहता हूं कि मान लीजिए वह डकैत था, तो क्या उसको जान से मार दिया जाएगा । यह कहां का कायदा है । झुग्गी-झोंपड़ी निवासियों को नए मकान देने की बात कही गई है । बुनकरों की समस्याओं के समाधान के बारे में कुछ बातें कही गई हैं । बातें बहुत अच्छी अच्छी कही गई हैं लेकिन उनका कार्यान्वियन नहीं होता है । बैठकों में हम जाते हैं, बहुत सारे तो टी.ए./डी.ए. लेकर चलते जाते हैं और काम जहां-का-तहां रह जाता है । इसलिए मैं निवेदन कर रहा हूं कि यदि आप चाहते हैं कि 20 सूत्री कार्यक्रम का काम ठीक से चले तो उसमें सभी दलों के लोगों को शामिल कीजिए । एक दफा बिहार के चीफ मिनिस्टर यहां आए थे, तो उन्होंने मीटिंग में पार्लियामेंट के मेम्बर के सामने कह दिया कि लोकदल ने इन्कार कर दिया, उस कमेटी में रहने से । उसी वक्त लोकदल के मेम्बर ने उठ कर कहा कि यह गलत बात है । मैं उस कमेटी में चलने को तैयार हूं । फिर भी सबों को नहीं लेते हैं । यदि 20 सूत्री कार्यक्रम में भी पार्टी बाजी होगी तो काम ठीक नहीं चलेगा । इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि सोवियों-इक्वानोमिक काम आगे बढ़ाने के लिए जो आप करोड़ों रुपया खर्च कर रहे हैं, उसका सदुपयोग होना चाहिए, दुरुपयोग नहीं होना चाहिए । कन्ट्रैक्टर बीच में न खा जायें, नेता लोग न खा जायें, मिनिस्टर लोग न खा जायें, इसका आपको ख्याल रखना होगा । पैसा ठीक तरह से खर्च होता है या नहीं, काम पूरा होता है या नहीं, जिस तरह से एस्टीमेट कमेटी जांच करती है, उसकी जांच होनी चाहिए। सोशियो-इकानोमिक कार्यक्रम के विकास को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की मोनिटरिंग कमेटी का गठन होना चाहिए और सब तरह के लोगों को उसमें रखना चाहिए । अखिल भारतीय स्तर से लेकर नीचे के स्तर तक इस तरह की कमेटी बनानी चाहिए । जो इस चीज की जांच करे कि काम ठीक हो रहा है या नहीं हो रहा है, नहीं तो लकड़ावाला जी ने जो संकल्प पेश किया है, उसका कुछ नहीं हो सकता है । हम लोग विभिन्न मुद्दों के बारे में आपको फीगर्स दे सकते हैं । आपको स्वयं आपके सूबे का अनुभव होगा । मैं तो बिहार से आता हूं, बिहार के बारे में आपको बता सकता हूं । 25 परसेंट रुपया भी विकास कार्यों पर खर्च नहीं होता है । हम चाहते हैं कि पूरी रकम खर्च हो अन्यथा 75 परसेंट रुपया तो खर्च होना ही चाहिए । गोल माल कुछ नहीं होना चाहिए । लेकिन फिर भी आपको ज्यादा हिस्सा तो देना चाहिए । मोनिटरिंग कमेटी बनाकर आपको पावर देनी चाहिए । आपके श्रम विभाग की कमेटी है, योजना विभाग की कमेटी है, रेलवे कन्सलटेटिव कमेटी है, लेकिन उसमें भी कुछ निर्णय लिए जाते हैं, पर उन निर्णयों का कितना पालन होता है । नहीं होता है । इसी तरह से बहुत सारी योजनायें हमारे देश में चल रही हैं । हमारा देश विकासमान देश है, उसमें बहुत सारी समस्यायें आयेंगी, धीरे-धीरे आप उन को हल करते जायेंगे। समस्यायें फिर आयेंगी, फिर उनको हल करेंगे । इसके लिए जरूरी है कि वाच-डाग का काम करने के लिए आप कमेटी बनाइए, जिस पर आर्थिक व्यवस्था पर भी उसका अधिकार हो और इसके साथ योजना को भी कार्यान्वित करने का अधिकार हो ।

इन शब्दों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि 20 सूत्री कार्यक्रम को अगर आप अमल में लाना चाहते हैं तो सब तरह के लोगों को लाइए । उसमें आप 10 हजार करोड़ रुपया दे रहे हैं, उसका सदुपयोग होना चाहिए, लेकिन वह पैसा गरीब लोगों तक नहीं पहुंच पाता है । जो सचमुच डाउन-टाडन हैं,

बिल्कुल निम्न-स्तर के गरीब किसान हैं, जो खेती में लगातार काम करते हैं उन को साढ़े आठ रुपये मजदूरी भी नहीं दे पा रहे हैं । वह कमेटी इस बात को भी देखे कि क्यों नहीं दे रहे हैं ।

मैं वह भी चाहता हूं कि पूरे देश के विभिन्न राज्यों में इस तरह की कमेटी बनाई जाय, तभी हम अपने कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में सफल हो सकते हैं ।

इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूं ।

श्री रामविलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति महोदय, लकप्पा जी ने जो प्रस्ताव पेश किया है, उस के लिये मैं उन को धन्यवाद देता हूं । उन्होंने इस सदन के माध्यम से इस प्रस्ताव पर चर्चा करने का जो अवसर दिया है, इस के लिए मैं उन का आभारी हूं । मैं उन से इस बात से सहमत हूं कि उन्होंने जो चार्ज लगाया है--आज का जो ब्यूरोक्रेटिक सेट-अप है, उस में जो नौकरशाही दृष्टि है, वह हमारी सोशियो-इकानामिक दृष्टि से बिलकुल विपरीत है। हमारी दृष्टि कुछ और है और जो हमारे नौकरशाह हैं जिन के माध्यम से हम काम करवाते हैं, उन की दृष्टि कुछ और है ।

लेकिन मैं इस में उन से यह भी आग्रह करना चाहूंगा--वे जरा इस पर भी गौर करें कि किसी भी परिवर्तन के लिये तीन चीजों की आवश्यकता होती है---पहली तो यह कि परिवर्तन करने वाले की स्वयं की नीयत साफ है या नहीं । दूसरे---यदि उस की नीयत साफ हो, तो उस के अनुपात से नीति बन रही है या नहीं । अब नीति बनती है तो तीसरी स्टेज यह आती है कि नीति का कार्यान्वयन कैसे हो रहा है । ये तीन फेसेज हैं ।

सभापति महोदय, आजादी के 35 साल बाद हम इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं, इस के पहले भी यह चर्चा यहां पर हमेशा होती रही है, लेकिन यदि हम एक-एक कर के देखें तो आप पहले आर्थिक और सामाजिक मुद्दे को लीजिये---हम उस के इम्प्लीमेन्टेशन के लिये मानिटिरिंग-सिस्टम की बात कर रहे हैं तो इस में सब से पहला वाइटल ईशु है --- जमीन का मामला । मैंने इस सदन में एक प्रश्न पूछा था कि हमारे पास कितनी जमीन कृषि योग्य है । जवाब दिया गया---185 मिलियन हैक्टेअर है । उस के बाद मैंने पूछा कि इस जमीन में से सिंचाई कितने में हो सकती है यानी कितनी इरिगेटेड लैंड है । मुझे जवाब मिला---37 मिलियनन हैक्टेअर भूमि में सिंचाई की व्यवस्था है । आप देखिये---35 साल की आजादी के बाद 37 मिलियन हैक्टेअर भूमि में सिंचाई की व्यवस्था हो सकी है, बाकी में सिंचाई की व्यवस्था नहीं है ।

प्रतिदिन भूमि सुधार की बात कही जाती है । हम इस के लिये नौकरशाह लोगों को पकड़ सकते हैं, लेकिन दिशा-निदेश तो आप करते हैं । सवारी अगर मजबूत होती है तो घोड़ा ठीक चाल से चलता है, लेकिन सवारी कमजोर होती है तो घोड़ा पटक कर चला जाता है । मैं ऐसा नहीं मानता कि इन्दिरा जी सवारी करने में कोई कमजोर सवार है । जो वह चाहें, वह न हो, ऐसी बात मेरे दिमाग में नहीं है । मैंने उस के बाद फिर प्रश्न पूछा---कि आप के पास सरप्लस लैंड कितनी है ? जवाब मिला---53 लाख एकड़ जमीन सरप्लस है । मैंने फिर पूछा---उस में से सरकार ने अपने कब्जे में कितनी की है तो जवाब मिला---40 लाख एकड़ जमीन अपने कब्जे में ली है । मैंने पूछा---बटवारा कितनी जमीन का किया गया है, जवाब मिला---17 लाख एकड़ जमीन का बटवारा हुआ है । आप देखिये---53 लाख एकड़ जमीन में से 17 लाख एकड़ जमीन का बटवारा हुआ है। आप देखिये-53 लाख एकड़ जमीन में से केवल 17 लाख एकड़ जमीन का बटवारा सरकार जिम्मेदार नहीं है ? क्या सरकार इस बारे में अपनी जिम्मेदारी से भाग सकती है ? यह तो मैं जानता हूं कि सरकार यह कह सकती है कि जमीन वाले लोग कोर्ट में चले जाते हैं और वहां वे इसको एकवा देते हैं । लेकिन आपके पास पार्लियामेंट में दो तिहाई बहुमत है, आप ऐसा कानून बना सकते हैं जिससे समस्या का समाधान सदा के लिए हो जाए । आप अपने बहुमत के बल पर इसको पार्लियामेंट में निबटा सकते हैं । इसलिए जैसा कि मैंने अभी कहा कि हमारी अगर नीयत साफ हो तो सब काम हो सकता है ।

[श्री रामविलास पासवान]

हमारे देश में पौने छह लाख गांव हैं । आजादी के 35 साल के बाद भी हमारे देश के 50 प्रतिशत गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है । हम दिल्ली में एयर कंडीशन कमरों में बैठते हैं, जब बाहर निकलते हैं तो फव्वारे चले होते हैं । कल हम ताजमहल होटल से आ रहे थे जहां पर कि हमें विदेश मंत्री ने बुलाया था । वहां से जब हम बाहर निकले तो हमने देखा कि दोनों तरफ 25-25 गज का कपड़ा टंगा हुआ है । कहा जाता है कि आठ लाख गज कपड़ा इसमें लगा है । इस आठ लाख गज कपड़े में से कम से कम दो लाख गरीब लोगों की गंजी बन सकती थी। हमारे गांवों में लोग गर्मी में, सर्दी में भूख से मर रहे हैं । सर्दी में ठिठुर कर और गर्मी में लू से मर रहे हैं । उनके लिए कपड़े की व्यवस्था नहीं है । दिल्ली में फव्वारा चलाने के लिए सरकार के पास पैसा है ।

पार्लियामेंट के बगल में राजेन्द्र प्रसाद रोड़ पर पंत जी का स्टेच्यू है । वहां बारहों महीना फव्वारा चलता रहता है । हमने कहा कि भाई इनको ठंड लग जाएगी, इन्हें ठंड से क्यों मार रहे हो ? एक तरफ यह हालत है और दूसरी तरफ गांवों में लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता । आज भी आप गांवों में जाकर देखें कि जिस पोखर में गाय, भैंस आदि जानवर नहाते हैं, उसी का पानी गांव का आदमी पीता है । गांवों में औरतें और आदमी महीनों तक नहाते नहीं है । इसलिए नहीं नहाते हैं कि उनके पास पहनने के लिए दूसरा कपड़ा नहीं है । महीने-दो महीने बाद औरतें और आदमी पोखर पर जा कर नहाते हैं और उसी कपड़े को धो, सूखा कर दुबारा पहन कर घर पर लौटते हैं । एक तरफ गरीबी का यह आलम है और दूसरी तरफ दिल्ली में यह शान शौकत है ।

मैं एशियाड खेलों का विरोधी नहीं हूं क्योंकि हम लोग बीसवीं शताब्दी में रह रहे हैं । मैंने उस दिन भी आप से कहा था कि अगर आपने राजस्थान को नहर पूरी करने के लिए चार सौ करोड़ रुपया दिया होता तो आज राजस्थान का सूखा इलाका हराभरा हो जाता और आपको चार सौ करोड़ रुपये के बदले में एक हजार करोड़ रुपया दिया होता । लेकिन हमारे सामने प्रायोरिटी ही नहीं है । हमने एशियाड को प्रायोरिटी दी । इसलिए दी कि उसमें सीधे-सीधे कमीशन बचता था । वह चाहे अफसरों को बचा हो, या किसी और को बचा हो । आप एशियाड दस साल के बाद भी करवा सकते थे । (व्यवधान) अगर हम दस साल के अन्दर, पांच साल के अन्दर राजस्थान में नहर का जाल बिछा देते तो हम को चार सौ करोड़ रुपये के बदले में चार हजार करोड़ रुपया मिल गया होता । लेकिन इस तरफ हमारा ध्यान नहीं है ।

आज 35 साल की आजादी के बाद भी 50 परसेंट लोग हिन्दुस्तान में गरीबी की रेखा के नीचे हैं । 25 परसेंट लोग शिक्षित हैं और 75 परसेंट लोग अशिक्षित हैं, मूर्ख हैं, हमारे यहां सबसे ज्यादा सरस्वती और लक्ष्मी की पूजा होती है लेकिन फिर भी हमारे यहां सब से ज्यादा कंगाली है, सबसे ज्यादा अशिक्षित लोग हैं । इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? सरकार की क्या जिम्मेदारी नहीं है ? हो सकता है कि मशीनरी खराब हो लेकिन क्या इसके लिए भी सरकार की जवाबदेही नहीं है ?

मैं जब फाइनेंस मिनिस्ट्री पर पीछे बोल रहा था तो मैंने कहा था कि सरकार जो योजना बनाती है, उससे हम 16 साल पीछे चले जाते हैं । क्योंकि कोई भी योजना हमने दो करोड़ की बनायी, वह योजना के पूरे होने में डिले होती जाती है और उसकी कास्ट बढ़ती जाती है । इस तरह से वह 16 साल पीछे चली जाती है । प्रधान मंत्री जाएंगी तो पत्थर गाड़ देंगी, फिर कोई मंत्री जाएगा वह पत्थर गाड़ देगा। कम शिलान्यास कीजिए, लेकिन उन योजनाओं को पूरा कीजिए । ऐसा न हो कि यहां भी योजना शुरू कर दी, 6 महीने बाद वह बंद हो गई, दूसरी शुरू कर दी । योजनाओं को लागू करने का काम किया जाए, नहीं तो यह हमारा या आपका लास नहीं है यह पूरे देश का लास है । देश को सबसे पहले सामने रखना होगा । आज आप हैं कल हम हो सकते हैं फिर आप आ सकते हैं, लेकिन

देश सर्वोपरी है । हम रहें या न रहें, देश हमेशा आगे रहना चाहिए ।

कल विद्युत मंत्री जी जवाब दे रहे थे । सोशियो इकनामिक प्रोग्राम में क्या है । इसके लिए आपको विद्युत चाहिए, रोड चाहिए, कम्युनिकेशन चाहिए, ये सब चीजें देश को विकास के मार्ग में आगे बढ़ाती हैं । लेकिन कल विद्युत मंत्री जी कह रहे थे कि हमारे हाथ में नहीं है, हम तो करना चाहते हैं, विद्युत बोर्ड तैयार नहीं है, बिजली का उत्पादन नहीं हो रहा है। यह सब आप किसको सुना रहे हैं ।

दिल्ली के पब्लिक स्कूल्स को देखकर आश्चर्य होता है । उसमें जो फार्म भरे जाते हैं, उसमें पूछा जाता है कि मां-बाप क्या करते हैं, अंग्रेजी जानते हैं या नहीं जानते हैं ? अब ऐसे माहौल में कोई गांव का आदमी कैसे सोच सकता है कि उसका बच्चा भी पब्लिक स्कूल में पढ़ सकता है । उसका लड़का कैसे एस डी ओ या कलेक्टर बन सकता है । आप क्या करना चाहते हैं । आप कीचड़ में कुछ कमल खिलाना चाहते हैं । इसलिए पब्लिक स्कूल्स पर कुछ अंकुश लगाने की आवश्यकता है ।

सभापति महोदय : रेजोल्यूशन में पब्लिक स्कूल भी आते हैं ?

श्री राम विलास पासवान : सोशियो इकनामिक प्रोग्राम में तो आता ही है । इसलिए मैं आग्रह करना चाहता हूं कि आपके केन्द्रीय विद्यालयों का स्टैंडर्ड बहुत अच्छा है । इस तरह के विद्यालय जिला स्तर पर खोले जाएं । ये जो प्राइवेट स्कूल हैं, नाम इनका पब्लिक स्कूल है, इनमें कुछ पर-सेंटेज फिक्स किया जाना चाहिए कि इतने गांवों के गरीब-गुरबा लोगों को इसमें भर्ती किया जाएगा । अगर यह व्यवस्था नहीं की गई तो शिक्षा में समानता नहीं आ सकती। इसलिए हमने एक नारा दिया है—

राष्ट्रपति का बेटा हो या चपरासी की हो संतान,
ब्राह्मण या भंगी का बेटा, सबकी शिक्षा एक समान ।

जहां से बच्चा आगे बढ़ता है, वहां पर तो कम से कम उससे समानता का व्यवहार किया जाना चाहिए। अगर शिक्षा समान स्तर पर लागू नहीं की गई तो एक स्कूल चपरासी पैदा करेगा और एक स्कूल कलेक्टर पैदा करेगा। इस तरह से यह सोशियो इकनामिक प्रोग्राम में आता है ।

भ्रष्टाचार के बारे में प्रधान मंत्री जी ने कह दिया कि पूरे विश्व में है, लेकिन इससे काम नहीं चल जाता है । क्योंकि संसार में भ्रष्टाचार है इसलिए भारत में भ्रष्टाचार का चलना कोई बड़ी चीज नहीं रह गई है। लेकिन आजादी के इतने साल बाद भी इस देश में 50 लाख बंधुआ मजदूर हैं । आजादी के बाद भी 12 परसेंट लोग विकलांग हैं। आजादी बाद भी 68 करोड़ में एक करोड़ अंधे हैं । आजादी के बाद भी 2 करोड़ लोग टी. बी. के मरीज हैं, क्योंकि उनको पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता । मां के पेट में जब बच्चा होता है तो उसको पौष्टिक आहार नहीं मिलता, जिससे बच्चा अपंग हो जाता है, अंधा हो जाता है । इस देश के बारे में आप क्या सोचते हैं ।

दूसरा मुद्दा है "सामाजिक".

आज भी सामाजिक स्तर पर और जाति का नाम लेकर रोज हत्याएं की जाती हैं । भूतपूर्व प्रधान मंत्री के नाम पर आज जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी है । लोगों की यह धारणा थी कि यह जातिगत भावना से और साम्प्रदायिक भावना से ऊपर उठकर काम करेगी । लेकिन क्या देखने को मिलता है ? वहां पर हरिजन छात्रों को प्रोफेसर द्वारा अपमानित किया जाता है और कहते हैं कि तुमको पेड़ से बांधकर पीटना चाहिए। मुझे इस बात की खुशी है कि दूसरे छात्र हरिजन छात्रों का साथ दे रहे हैं । क्या यह देश चल सकता है, नहीं चल सकता, न सामाजिक और न आर्थिक स्तर पर । बीस सूत्रीय कार्यक्रम की किताब मेरे पास है । आप सिर्फ हरिजन-हरिजन का नाम लेते हैं, मैं कहता हूं आप थोड़ा काम भी कीजिए । आप या तो वोट कैचिंग के लिए नाम लेते रहे और जब भी रेडियो खोला तो हरिजनों का ही नाम सुनाई दिया ।

[श्री राम विलास पासवान]

मैं यह कहना चाहता हूं कि आपका चाहे 20 या 25 सूत्री कार्यक्रम हो लेकिन आप एक सूत्री को पकड़ लीजिए और इम्पलीमेंट कीजिए । "एक ही साधे सब सधे, सब साधे तर जाए" ।

अगर आप एक सूत्री पकड़ लेते हैं तो आपका काम चल जायेगा । चाहे बाइबल हो, कुरान हो, आपकी नीयत साफ होनी चाहिए । मैं यह जानना चाहता हूं कि आपका जो कार्यक्रम है, उस कार्यक्रम में आपने तीन साल के अन्दर कितने अफसरों को सस्पेन्ड किया है और कौन-कौन सा कार्यक्रम लागू नहीं किया है । जो आफिसर्स आपके कार्यक्रम को लागू नहीं करते, उनके लिए क्या आप कोई सजा की व्यवस्था करेंगे । हंसना और गाल फुलाना एक साथ नहीं चल सकता है। लक्कप्पा जी ने जो प्रस्ताव रखा है, उनकी इस बात से मैं सहमत हूं कि मानेटरी की व्यवस्था होनी चाहिए। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि सरकार की जो दृष्टि है, वह अभी तक उल्टी है। सरकार ऊपर से कुछ करती है और भीतर से कुछ, कथनी और करनी में सामंजस्य लाना चाहिए और नीयत को साफ करके प्रशासन पर चुस्ती से कार्यवाही करके कार्यक्रम को इम्पलीमेंट करना चाहिए तभी आप शोसित और पीड़ित मानव का उत्थान कर सकते हैं । नारों पर यह देश चला है, लेकिन इनसे गरीब का उत्थान होने वाला नहीं है ।

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Mr. Chairman, Sir, I am proud of Mr. Lakkappa as my colleague and also as Secretary of our Party—he has been returned again—because instead of being swallowed up by the Ministry, he is able to place before the House proposition after proposition calculated to improve the working of our Government. Earlier there was a Resolution which he had moved, a non-official Resolution, to draw the attention of the Government to the need not only to prescribe but also to enforce minimum prices for agricultural produce. Now he has placed before us this Resoloution to improve the working of the 20-Point Programme and under its auspices the rural development and social development and welfare programmes for which Government has been sanctioning hundreds of crores of rupees.

I also agree with my friend, Mr. Ram Vilas Paswan, in his dissatisfaction with the way in which these things are not being worked at the grassroot level. But that does not mean that we should have only one-point programme and not 20-Point Programme. If it is only one-point programme, then you can have it only for the poorest of the poor. The other people also have got to be helped. Indeed, in recent times we have come across one clear phenomenon. Government has been paying special attention for the uplift of the Harijans. At the same time, it has been trying to improve the conditions of the backward classes also. But because the Harijans have been suppressed for such a long time, for so many centuries, by all other classes of people, including the backward classes, Government officers and then Congress people and all of us, public people and public men are repeating again and again about what we have to do for the Harijans. This has excited the ire of the Backward Classes.....

SHRI RAM VILAS PASWAN: I did not tell that you have only one point programme. I said that instead of having a 20 point programme and doing nothing, it is better that you have a one point programme and do it.

PROF N. G. RANGA: So, the Backward Classes have begun to complain now—not because nothing is being done for them but so much more is talked of in regard to what we are trying to do for Harijans. This is the difficulty in our country. So simultaneously we are obliged to cater to the immediate needs of different groups and different classes and communities in our country who are under privileged.

It is easy to criticise the Government because Government has to depend upon bureaucracy. Bureaucracy

has its own laws for its own activity. A clerk goes there, an officer goes there. Then he seems to think somehow or other that his job is done by remaining in office according to the office hours. And when any one of us, especially our poorer folk who are illiterate and who are not able to look after themselves and who are not able to fight for their own rights, when they go, when anyone of them goes to him and asks for something that the Government has offered to give to him and which it is his right to get from the Government, this officer seems to think that he is the *Ma Bap* and why should he give any of these favours to this man unless he gets something in return. This is the horrible attitude of the officers, clearks and the non-gazetted employees of the Government. Now it is easy for me to criticise them. Then they will be able to turn round and say, 'What about your politicians ? You are also playing your mischief.' This is the real difficul lty. One is competing with the other. One is undermining the other. One is discrediting the other, so much so the society to-day is now being demoralised and whatever may to the good wishes, plans and programmes of the Government , resulees are not so very satisfactory. That is one of the reasons why in Andhra, for instance, we have come to associate the Collector with the District Revenue Officer who is of IAS status and in most cases we see to it that they happen to be Harijans in the hope that these Harijans salvaged from the misery of their parents and raised to positions of power would really evince keen and sincere interest in the rank and file of their own people and help them. That kind of thing has got to be done everywhere-else throughout India.

Secondly, Collectors are associated with non-officials like MLAs, Zila Parishad Presidents and Panchayat Samiti Presidents in Andhra. I do not know what is happening in other areas. This is a very good system. Then these non-officials are impatient about the officials and *Vice-versa*. The officials are also impatient about these non-officials. If both of them are tied up in this manner. I do not think they would be scratching at each other's backs or exploit the people—they will be able to control each other and help each other also in the proper management of the funds which are placed at their disposal by the Government.

Thirdly, here is the Central Government which grants money for drought relief, flood relief, cyclone relief and then for ordinary development of employment and sanction loans, house sites and credit and all the rest of it. Then the distribution is in the hands of the State Governments. The Government of India has not got much of a control over the State Governments. One of the State Governments was so unwilling to have any kind of control from the Central Government in regard to the Food for Work that there was a regular political quarrel between them two. Now we have got to give some special thought in regard to this matter.

17.00 hrs.

Now we have got to give special thought in regard to this matter *viz.* Centre-State relations. State governments and leaders of the State parties are demanding more and more power for them; but what about the Union Government. For whose sake is the Union Government granting all this money; It is for the sake of these people. State Government is expected to cater to the small folk also but then should we not see that the State Government is controlled by the Central Government? Should not Central Government exercise its supervisory powers over the State Governments and State Governments means their administration? Thought has to be given in regard to this matter.

Sir, the other day, Mr. Gomango one of the champions of out tribal people, put a very useful question as to how the funds that are being sanctioned for the welfare of the tribal

[Prof. N. G. Ranga]

people are being utilised. Then there is another difficulty. So many Ministries at the State level are being brought in to cooperate in seeing to it that the conditions of poor folk get improved. Each department is working in an isolated manner. At the State level there is need for coordination and on top of it, the Centre has to see that this sort of coordinated effort is made in order to see that the funds are properly utilised and fully utilised.

17.02 hrs.

[SHRI R. S. SPARROW *in the Chair*]

Sir, in Maharashtra there is a scheme 'one emoloyed adult in every family' That is a good experiment which is being made. Bihar was also trying to do it but I do not know how far it succeeded. This has got to be studied. Similarly, In Andhra the Congress Government had decided, and now the present Government is continuing the policy of providing one free meal for every child everyday. How it is going to work and with what results, that has also got to be studied. Similar, is the case with rural dispensaries and sanctioning of house-sites. In Andhra, MLAs and even Ministers are competing with each other in seeing to it that every Harijan family is provided with a house-site at the earliest. Every MLA is making it his special duty to see that this programme gets implemented. It is a good move. With what results it has worked and how this can be extended to other States has to be studied.

Sir, we have been asking for social forests and also vegetable gardening. Every Harijan family is provided with a house site. All round the House three to four pumpkin plants can be one or two banana plants can be planted and in the whole cluster of houses two or three tamarind trees can be planted. This kind of social torestry has to be developed in a detailed, constructive and affectionate manner so that the total income of a housewife can be increased by 30 per cent every year. This means kind of attention to be given to the needs of these people in a truly Gandhian manner. This cannot be expected from the officers alone. This is not being provided either by the Congress people or by the friends from the Opposition at the grassroots because that atmosphere has been lost. We have to create that atmosphere once again. We can create it, provided we develop a spirit of cooperation in aiding, encouraging and propagating this 20-point programme and it is in this direction that we have got to move. One can go on adding to this list of number of directions in which the poor folk have to be helped but the two most important things are that firstly, what the middleman is doing, what a tout does, what a layer does, every public worker to whichever party he may belong, should be willing to render to these people. He should go on their behalf to the local cooperative bank, and help them; he may go to the Essential Commodities Supply Centre (whether it is Cooperative or Panchayat or Government or anything like that) and help these people to get whatever they are supposed to deserve by the Government.

For supplying essential commodities, our friend in charge of Civil Supplies here goes on saying that so many shops are being organised and so on. There are certain complaints from the Opposition that some of these things are there in the towns and townships and they do not reach sufficient number of villages. Now, we have got to see that every village gets one shop,-at least one shop. I feel there should be 3 or 4 shops so that they can compete with one another. At least one has got to be organised. But who has to organise this? Who is supposed to be the shop-keeper, cooperator or panchayatdar ? Who will do his work properly? As soon as cheap supplies of essential clothes are coming

who gets the information first? It is the local powerful man the *sarpanch* and others. They take away all the stuff by paying for this cheaply. The poor people do not get enough of it. Care has got to be taken to see that enough publicity is given in the local language papers that such and such commodities are being supplied in such and such quantity in so many centres. The announcement should be made over the Radio so that these poor folk would be able to go there. Supply must be arranged according to the Queue system, whoever comes first should get his quota.

Lastly, this Resolution is intended to strengthen the hands of the Central Government as well as the State Governments, and local Ministries. We expect them to be patriotic, also to be socialist-minded, to be Gandhian minded. We hope that Government would take necessary action in appointing, in their own way, according to their own judgment, the best possible and fully effective Monitoring Authority here at the Centre to go round the whole of India nad cover all the States, to energise the State Governments and also to bring back information as to how the money is being used or misused; and if it is misused, how it can possibly be prevented.

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत): माननीय सभापति महोदय, माननीय लकप्पा जी ने यहां पर जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया है उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। हमने पढ़ा है कि साहित्य समाज का दर्शन होता है। जिस समय में समाज की जैसी आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक परिस्थिति रहती है उसी के अनुसार साहित्य की रचना होती है। उसी प्रकार से हमारी संसद में भी जो प्रस्ताव आते हैं उनसे जाहिर होता है कि हमारे समाज में किस चीज की कमी है और उसके लिए क्या कार्यवाही होनी चाहिए। हम यहां पर कहते हैं कि कृषिकों को उनकी उपज का सही मूल्य मिलना चाहिए। लेकिन जो नीतियां आपने बनाई हैं उनका ठीक से एग्जीक्यूशन नहीं हो रहा है। लेकिन हमेशा इन बातों को अपोजीशन की बात कहकर टाल दिया जाता था और उसका मखौल उड़ाया जाता था कि ये विरोधी लोग हैं इसलिए ऐसी बातें कह रहे हैं। लेकिन लकप्पा जी की तरफ से यह प्रस्ताव आए कि कृषिकों को अनाज और दूसरी उपज का सही मूल्य मिले तथा आर्थिक व सामाजिक कार्यक्रम को तेजी से लागू किया जाए---इसके लिए एक मानिटरिंग कमेटी की जरूरत है तो इसका अर्थ यह है कि उनको भी वह बात मालूम है कि समाज में क्या हो रहा है, जिसको कि हम लोग कहते ही रहते हैं। इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। इसका मतलब यही है कि हम जो बात कहते हैं उसको उन्होंने भी मान लिया।

हमारा इससे कोई मतलब नहीं है कि आप 20 सूत्री कार्यक्रम बनायें या एक सौ सूत्री कार्य क्रम बनायें। आप बहुमत में हैं, जो पालिसी आप बनायेंगे, उसके कार्यान्वियन की जिम्मेदारी आपके ऊपर है। हमारा काम है, जब वह कार्यान्वित न हो, तो हम आपको बतायें कि कहां कमियां रह गई हैं। चाहे वह किसी प्रकार का मामला है। मान लीजिए 18 परसेंट आप ने हरिजनों के लिए रिजर्वेशन करना है। अगर 18 परसेंट रिजर्वेशन पूरा नहीं होता ह, तो विरोधी पक्ष के लोग आवाज उठाते हैं कि इसको पूरा करिए। आपने बीस सूत्री कार्यक्रम की बात कही है। जैसे कि व्यवस्थापिका सभा का काम है कि नीति बनाएं और न्याय पालिका का काम है कि वह न्याय करे। व्यवस्थापिका की नीतियों का कार्यान्वियन एग्जीक्यूटिव करे तो एग्जीक्यूशन आपकी पालिसी का नहीं हो रहा है। जो आप निर्णय करते हैं, वे लागू नहीं होते हैं।

मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। कार्यपालिका का एी. एम. सबसे बड़ा हैड होता है। इससे पहले पीलीभीत के डी. एम. नहीं नहीं थीं। वे एव ब्लाक में गईं, उन्होंने वहां के एक ग्राम सेवक को बुलाया और कहा कि सौ गोबर गैस प्लान्ट की दरख्वास्तें अपने एरिए से लाओ। जब कि उसमें दस से ज्यादा गाव नहीं होते हैं और एक न्याय पंचायत के ऊपर होता है उत्तर नदेश में। डी. एम.

[श्री हरीश कुमार गंगवार]

जो यह नहीं जानता कि एक ग्राम सेवक का हल्का कितना होता है। दस गांवों में सौ गोबर गैस प्लान्ट कहां से आ जायेंगे । हाई कोर्ट से किसी के मामले में स्टे-आर्डर गया है, तो उसको रद्दी की टोकरी में फेंक दिया और उस पर कोई कार्यान्वयन नहीं किया। यदि ऐसे कार्यपालिका के अधिकारी होंगे तो कैसे एग्जीक्युशन होगा। यह अच्छा हुआ कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह यहां संसद में मंत्री हो कर आ गए हैं । मैं ने उनको भी बताया था और उनसे कहा है । उनको हटाने से क्या काम चलेगा । डिस्ट्रिक्ट में शान्ति और व्यवस्था की जिम्मेदारी एक एस. पी. की है और चार-चार, पांच-पांच और दस-दस हजार रुपया वे थाना नीलाम करेगा तो कैसे शान्ति और व्यवस्था कायम रह सकती है । जैसे शाहजहानपुर में हो रहा है । सारे उत्तर प्रदेश में हो रहा है । आधे से ज्यादा जिलों में हो रहा है । थाने नीलाम किए जाते हैं, तो कैसे शान्ति और व्यवस्था कायम रह सकती है । एक दरोगा तो दस हजार रुपया एस. पी. को देना है तो 50 हजार रुपए की डकैती कम से कम करवाएगा तब जा कर वह हिस्सा दे पाएगा। इस प्रकार जुर्म और बढ़ेंगे । मैं इस बात को मानता हूं कि मोनिटरिंग कमेटी जिला स्तर तक जानी चाहिए । बीस-सूत्री कार्यक्रम कहता है कि भूमि का आवंटन भूमिहीनों में होना चाहिए । मैं किसी एक खास जिले का नाम नहीं लेना चाहता हूं । मैं उत्तर प्रदेश के बारे में जानता हूं । किसी एक जिले को लीजिए । भूमि का आवंटन नहीं हुआ है, यदि हुआ भी है, तो कब्जा नहीं हुआ है। मैं यह नहीं कता कि मैं बरेली का रहने वाला हूं तो आप पीलीभीप को ले लीजिए, शाहजहानपुर को ले लीजिए, बदायूं को ले लीजिए । आप किसी एक जिले का माडल बनाइए और उसकी जांच करवाइए कि सही तरीके से भूमि का आवंटन हुआ है या नहीं हुआ है । तब आपको पता चलेगा कि भूमि का आवंटन हुआ ही नहीं है । यदि हुआ है तो मोती को हुआ हुआ है या पार्वती को हुआ है । पता चला कि ये कौन है, ये जमींदार के कुत्ते और बिल्ली के नाम हैं । इस तरह से आवंटन हो गया । सीलिंग की जमीन निकली, लोग खा गये, जिस को मिलनी चाहिये थी, उस को नहीं मिल पाई । अगर कागज पर मिल गई है तो मौके पर नहीं मिल पाई है। आप जांच कर लीजिए। मैं शाहजहांपुर और पीलीभीत के एक्जाम्प्लज बना कर दे देता हूं । हम ने बीसियों शिकायतें की हैं---उन्हीं डी. एम. तक शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ। फिर कैसे इम्प्लीमेन्टेशन होगा? बीस सूत्री कार्यक्रम में कैसे भूमिहीनों को भूमि मिलेगी-आप बतला दीजिये ।

श्रीमान्, अब बिजली और सिंचाई का मामला लीजिये---यह भी बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत है । उत्तर प्रदेश में तो अपोजीशन का कोई भी विधायक या मेम्बर पार्लियामेन्ट उस बीस सूत्री कमेटी का मेम्बर नहीं है, केवल कांग्रेस के सारे मेम्बर्स रखे हुए हैं । इस का मतलब है कि सिर्फ वे ही इस प्रोग्राम को चलायेंगे । हमें इस में भी कोई एतेराज नहीं है, लेकिन जब काम पूरा नहीं होता और हम शिकायत करते हैं तो उस की जांच करनी चाहिये ।

